Ingersoll Rand

# Ingersoll Rand
# आचार संहिता



Ingersoll Rand कंप्रेसर ऑटोमोटिव सर्विस सेंटरों पर एयर टूल और अन्य टूल चलाते हैं।

# अंतर्वस्तु

1

**हमारे CEO का संदेश ........................................... 4**

**हमारा उद्देश्य और हमारी मान्यताएँ ...........................................5**

2

**हम सही काम करते हैं...........................................6**

- संहिता का परिचय
- नैतिक व्यावसायिक लेन-देन
- तृतीय पक्षों और आपूर्तिकर्ताओं का चयन
- हितों के टकराव
- कॉर्पोरेट अवसर
- धोखाधड़ी
- व्यावसायिक मनोरंजन और भोजन
- उपहार
- धन शोधन
- सटीक और पूरे व्यावसायिक रिकॉर्ड और सार्वजनिक प्रकटन
- कंपनी के धन की सुरक्षा
- कंपनी की संपत्ति की चोरी या उसका दुरुपयोग
- सरकार, कानूनी, और मीडिया पूछताछ

3

**हम कानून का पालन करते हैं ...............................16**

- कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विनियम
- उचित प्रतिस्पर्धा
- रिश्वतखोरी-विरोधी और भ्रष्टाचार
- सरकार के साथ व्यवसाय करना
- सरकारी कर्मचारियों को काम पर रखना
- वेतन और घंटों के नियम
- पर्यावरण संरक्षण
- कंपनी की जाँचों और ऑडिट में सहयोग करना

4

**हम ग्राहकों को सफल बनाते हैं .............................20**

- उत्पाद गुणवत्ता
- ग्राहक संतुष्टि

5

**हम साथ मिलकर काम करते हैं ........................... 22**

- स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून
- एक-दूसरे से सम्मानपूर्वक व्यवहार करना
- निजता
- विविधता और समावेशन
- उत्पीड़न-विरोधी
- कार्यस्थलीय हिंसा के लिए शून्य सहनशीलता
- ड्रग्स और एल्कोहॉल मुक्त
- सामुदायिक और राजनीतिक गतिविधियाँ

6

**हम रचनात्मक ढंग से सोचते हैं.............................. 28**

- गोपनीय जानकारी
- भेदिया व्यापार
- बौद्धिक संपदा
- ...ईमेल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और सूचना सिस्टम
- कंपनी रिकॉर्डों का प्रतिधारण

7

**हम कदम उठाते हैं.............................................. 34**

- चिंता की रिपोर्ट करना
- प्रशासन
- शून्य-प्रतिशोध
- संहिता का उल्लंघन करने के परिणाम
- संहिता से छूट
- कंपनी की नीतियां और कार्यविधियाँ

8

**मुख्य संपर्क ...................................................... 38**

9

**हॉटलाइन नंबर................................................40**

1



# वीसेंत रेनाल (Vicente Reynal) का संदेश

हमारा उद्देश्य — **जीवन को बेहतर बनाने में मदद के लिए हम पर भरोसा करें** — हमें हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, शेयरधारकों और समुदायों का विश्वास जीतने और उसकी रक्षा करने के लिए ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए बहुत प्रेरित करता है।

यह आचार संहिता हमारे लिए एक दिशासूचक का काम करती है, और एक ऐसा व्यापक ढाँचा प्रदान करती है जो हमारे कार्य के हर पहलू में नैतिक आचरण को बढ़ावा देता है। इसमें खुद से और एक-दूसरे से हमारी अपेक्षाओं को रेखांकित किया गया है, और यह सुनिश्चित किया गया है कि हम उच्चतम नैतिक मानकों को पूरा करें और उनसे भी आगे बढ़ें और सभी लागू कानूनों के अनुसार व्यवसाय संचालन करें।

इस आचार संहिता में वे मान्यताएँ शामिल हैं जिन्हें हम प्रिय मानते हैं, और यह संहिता हमारे कार्यों के आधार के रूप में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही पर ज़ोर देती है। इस आचार संहिता के ज़रिए, हमारा लक्ष्य निष्पक्षता, विश्वास और ज़िम्मेदार व्यावसायिक कार्यप्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है।

चूंकि हम एक कंपनी के रूप में निरंतर विकास और प्रगति कर रहे हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि हम उन मान्यताओं को कायम रखें जो हमें परिभाषित करती हैं और हमारी आचार संहिता में शामिल इन मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालन करें:

- हम सही काम करते हैं
- हम कानून का पालन करते हैं
- हम ग्राहकों को सफल बनाते हैं
- हम साथ मिलकर काम करते हैं
- हम रचनात्मक ढंग से सोचते हैं
- हम कदम उठाते हैं

कृपया हमारी संहिता को पढ़ने और समझने के लिए समय निकालें और ज़रूरत पड़ने पर उसका संदर्भ लें। याद रखें, हालांकि यह संहिता कार्य संचालन के लिए एक स्पष्ट और प्रत्यक्ष रूपरेखा देती है, पर यह हर स्थिति को कवर नहीं कर सकती है। जब ऐसी घटनाएँ सामने आएँ जिन्हें कवर नहीं किया गया है, तो मैं आपको प्रेरित करता हूँ कि आप हम मालिकों की तरह सोचें और कार्य करें, और बिना किसी समझौते के सही परिणाम तक पहुँचने के लिए चुनौतियों का सामना करें।

समान रूप से महत्वपूर्ण यह बात भी है कि संहिता, कंपनी की नीतियों या कानून के किसी भी संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करना हमारा साझा कर्तव्य है। मैं आपको यह दायित्व सौंपता हूँ कि जब भी आप कोई संदिग्ध व्यवहार देखें तो उसके विरुद्ध आवाज़ उठाएँ। यदि आपके कोई प्रश्न हों तो मार्गदर्शन मांगें। संहिता के अंत में संपर्कों की एक सूची दी गई है जो किसी भी पूछताछ के लिए सही विभाग तक पहुँचने में आपकी सहायता करेगी। मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहता हूँ कि Ingersoll Rand के पास संभावित उल्लंघनों के बारे में चिंता जताने पर किसी भी प्रकार के प्रतिशोध के विरुद्ध सख्त नीति है। यदि आपको लगता है कि आपसे प्रतिशोध लिया गया है या लिया जा रहा है, तो कृपया तुरंत हमारी वैश्विक नैतिकता हॉटलाइन या कानूनी विभाग से संपर्क करें।

हमारे साझा दृष्टिकोण के प्रति आपके निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद। मुझे विश्वास है कि हम साथ मिलकर हमारे हितधारकों को यह दिखाना जारी रखेंगे कि हम एक ईमानदार, भरोसेमंद और प्रदर्शन-संचालित व्यावसायिक साझेदार हैं और एक ऐसी संस्कृति बनाए रखेंगे जो सत्यनिष्ठा, उत्कृष्टता और सतत विकास को बढ़ावा देती है।

सादर, वीसेंत रेनाल
(Vicente Reynal)



अध्यक्ष और CEO

## जीवन को बेहतर बनाने में मदद के लिए हम पर भरोसा करें

हम 160 वर्षों से जीवन को बेहतर बनाने के लिए हर दिन जागते रहे हैं। हम उद्यमशीलता की भावना और ज़िम्मेदारी की सोच से प्रेरित हैं, जो हमें हमारे पड़ोसियों और हमारे साझा ग्रह के बारे में गहराई से चिंता करने को प्रेरित करती है। हम कदम उठाने के प्रति झुकाव रखते हैं, जवाबदेही लेते हैं, और असफलताओं से जल्द उबर जाते हैं।

## हम हमारे ग्राहकों को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम नवाचार के लिए खुद पर गर्व करते हैं, और हमारा लक्ष्य स्पष्ट व सीधे ढंग से काम करना है। हम हमारे ग्राहकों से आजीवन जुड़े रहने की आकांक्षा रखते हैं और उसके साथ आने वाली ज़िम्मेदारी को भी स्वीकार करते हैं। हम जानते हैं कि वे आवश्यक, महत्वपूर्ण और मिशन-महत्वपूर्ण समाधानों के लिए हम पर भरोसा करते हैं।

## विनम्रता और सत्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ते हुए हमारे हौसले बुलंद हैं।

हममें कठिन-से-कठिन समस्याओं का सामना करने का आत्मविश्वास है, और फिर भी हममें विनम्रता की सच्ची भावना है। हम हमारे व्यवहार में ईमानदार रहकर और निष्ठा के साथ कार्य करके प्रतिदिन विश्वास जीतने की कोशिश करते हैं, चाहे चुनौती कितनी भी कठिन क्यों न हो। हम स्पष्टवादिता के साथ बोलते हैं, अपनी गलतियों की ज़िम्मेदारी लेते हैं, और हमेशा एक बेहतर कल के लिए कोशिशें करते हैं।

## हम प्रेरित टीमों को बढ़ावा देते हैं।

हम एक ऐसी संस्कृति का पोषण और गुणगान करते हैं जो विविध दृष्टिकोणों, पृष्ठभूमियों और अनुभवों को गले लगाती है। हम लोगों के साथ किए जाने वाले व्यवहार और उनके लिए उपलब्ध अवसरों में समानता के लिए प्रतिबद्ध हैं। और हम जानते हैं कि ऐसा कार्यस्थल जो समावेशन, अपनेपन और सम्मान की भावना पैदा करता है, वहाँ सबसे प्रतिभाशाली और योग्य कर्मचारी विकसित होंगे।



जीवन को बेहतर बनाने में मदद के लिए हम पर भरोसा करें

# 2 हम सही काम करते हैं

हम हमारे व्यवहार में ईमानदार रहकर और निष्ठा के साथ कार्य करके प्रतिदिन विश्वास जीतने की कोशिश करते हैं, चाहे चुनौती कितनी भी कठिन क्यों न हो। हमारा मानना है कि ईमानदारी से काम करना न केवल व्यवसाय करने का सही तरीका है; बल्कि यह व्यवसाय करने का एकमात्र तरीका है।

## संहिता का परिचय

सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और सही निर्णय, Ingersoll Rand और उसकी सहायक कंपनियों (सामूहिक रूप से, "Ingersoll Rand" या "कंपनी") की प्रतिष्ठा और सफलता की नींव हैं। यह आचार संहिता (यह "संहिता") यह सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है कि सभी निदेशक, अधिकारी (प्रधान कार्यकारी अधिकारी, प्रधान वित्तीय अधिकारी, प्रधान लेखा अधिकारी, या नियंत्रक और समान कार्य करने वाले व्यक्ति शामिल) और कंपनी के कर्मचारी (सामूहिक रूप से, "कर्मचारी") न केवल हर समय कानून-सम्मत आचरण करें, बल्कि अपने व्यावसायिक लेन-देनों के हर पहलू में उच्चतम नैतिक मानकों को भी बनाए रखें और अनुचित व्यवहार के आभास मात्र तक से बचने की कोशिश करें।

ऐसा न करने पर उन कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है जिन्होंने संहिता का उल्लंघन किया है, और इसमें बर्खास्तगी तक शामिल है।



Ingersoll Rand कंप्रेसर बचाव दल और स्कूबा गोताखोरों द्वारा प्रयुक्त टैंकों में साँस लेने की हवा भरते हैं।

यह संहिता कानूनी या नैतिक प्रश्नों का सामना होने पर कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शक का काम करती है और यह कर्मचारियों की ज़िम्मेदारी है कि वे इसे ध्यान से पढ़ें और समझें। हालाँकि, यह संहिता सर्व-समावेशी नहीं है, और हम यह अपेक्षा नहीं करते कि संहिता व्यवसाय संचालन के दौरान आने वाले हर संभावित प्रश्न का उत्तर दे। कंपनी अपने कर्मचारियों से यह अपेक्षा करती है कि वे हर समय अपने विवेक का प्रयोग करते हुए उन उच्च नैतिक मानकों का पालन करें जिनके प्रति कंपनी प्रतिबद्ध है। यदि आप किसी नैतिक स्थिति को लेकर चिंतित हैं या इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि कोई आचरण विशेष कंपनी के आचरण मानकों के अनुरूप है या नहीं, तो आप अपने पर्यवेक्षकों (सुपरवाइज़र) या प्रबंधकों से और जहाँ उपयुक्त हो वहाँ, कंपनी के महाधिवक्ता से ऐसा कोई भी प्रश्न पूछने के लिए ज़िम्मेदार हैं जो आपको लगता है कि कंपनी की आपसे अपेक्षाओं को समझने के लिए आवश्यक है।

संहिता के प्रति जागरूकता

नए बिक्री एजेंट की खोज प्रक्रिया में, लिंग कंपनी की भ्रष्टाचार-विरोधी अनुपालन नीति का पालन करती है। इस प्रक्रिया के दौरान, संभावित नया बिक्री एजेंट यह अनुरोध करता है कि भुगतान एजेंट को नहीं बल्कि एक अन्य व्यक्ति के नाम वाले खाते में किया जाए। लिंग को पता है कि यह एक "खतरे का संकेत" है जिसे अनुपालन विभाग के ध्यान में लाया जाना चाहिए, ताकि यह निर्धारित करने को उचित पड़ताल की जा सके कि क्या बिक्री एजेंट एक ऐसा प्रतिष्ठित और योग्य तृतीय पक्ष है जिसके साथ लिंग को व्यवसाय करना चाहिए।

## नैतिक व्यावसायिक लेन-देन

कर्मचारियों को Ingersoll Rand की ओर से अपने लेन-देनों में सच्चाई बरतनी चाहिए। आपको कभी-भी हेरफेर, छिपाव, गोपनीय जानकारी के दुरुपयोग, जालसाज़ी, महत्वपूर्ण तथ्यों की गलतबयानी, अनुचित भुगतान या लाभ की मांग करने या जानबूझकर अन्य अनुचित लेन-देन प्रथाओं के ज़रिए किसी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। ग्राहकों, प्रतिस्पर्धियों, आपूर्तिकर्ताओं, सरकारी एजेंसियों या कंपनी के अंदर या बाहर अन्य लोगों के साथ सभी व्यवहारों और संचार में कर्मचारियों से ईमानदार और स्पष्टवादी होने की अपेक्षा की जाती है।

## तृतीय पक्षों और आपूर्तिकर्ताओं का चयन

हम योग्यता, सेवा की गुणवत्ता और प्रतिष्ठा के आधार पर तीसरे पक्ष के एजेंटों और आपूर्तिकर्ताओं का चयन करते हैं। हम हमारे तृतीय-पक्ष एजेंटों और आपूर्तिकर्ताओं को भी सत्यनिष्ठा के उन्हीं उच्च मानकों की कसौटी पर कसते हैं जिनका हम स्वयं पालन करते हैं।

तीसरे पक्षों और आपूर्तिकर्ताओं का चयन करते समय और उन्हें साथ बनाए रखने के दौरान आपको बोलियाँ लगाने, मोलभाव करने और अनुबंध करने की लागू प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए; यह ज्ञात करने के लिए उचित पड़ताल करनी चाहिए कि वे प्रतिष्ठित और योग्य हों; और किसी भी हितों के टकराव से बचना चाहिए।

साथ ही, किसी भी तृतीय पक्ष (जैसे बिक्री एजेंट, बिक्री प्रतिनिधि, डीलर, वितरक इत्यादि) से एजेंसी प्रकार का संबंध स्थापित करने से पहले, आपको कंपनी की लेन-देन भागीदार उचित पड़ताल प्रक्रिया का पालन करना होगा। इस प्रक्रिया के लिए आपको लेन-देन भागीदार का उचित पड़ताल मूल्यांकन पूरा करना होगा और तृतीय पक्ष की प्रतिष्ठा के सत्यापन के लिए कुछ चरणों का पालन करना होगा, ताकि रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार का जोखिम न्यूनतम हो जाए। यदि इस नीति या प्रक्रिया के बारे में आपके कोई प्रश्न हों तो कृपया अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

सभी आपूर्तिकर्ताओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कंपनी की आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का अनुपालन करें और कंपनी के ज़िम्मेदार वैश्विक सोर्सिंग सिद्धांतों का पालन करें।



Ingersoll Rand के कई उत्पादों का उपयोग कागज़ उद्योग में किया जाता है, इसमें लुगदी को कागज़ में बदलने से लेकर समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं की छपाई तक शामिल है।

संहिता के प्रति जागरूकता

रोहिणी की टीम एक ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कर रही है जिसकी समय-सीमा काफी सीमित है। अंतिम मिनट में टीम को एहसास हुआ कि उन्हें ब्रोशर का एक और सेट प्रिंट करना होगा, अन्यथा वे समय सीमा से चूक जाएँगे। रोहिणी के पति की एक प्रिंटिंग शॉप है, लेकिन ब्रोशर छापने के लिए उनसे कहने से पहले वे अनुपालन विभाग से परामर्श करती हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इस स्थिति में टकराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, और संभावित टकराव का प्रकटन आवश्यक है। यदि कभी स्थिति पर प्रश्न उठे तो अनुपालन विभाग द्वारा की गई स्वतंत्र समीक्षा इसमें शामिल सभी लोगों की रक्षा करती है।

# हितों के टकराव

**हमेशा Ingersoll Rand के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम रखें।**
कर्मचारियों को अपने हर निर्णय में Ingersoll Rand के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखना चाहिए। टकराव तब उत्पन्न हो सकता है जब कोई कर्मचारी व्यक्तिगत लाभ या स्वयं या परिवार के किसी सदस्य के लाभ के विचार से इस ढंग से प्रभावित हो, या प्रभावित होता प्रतीत हो जो कंपनी के प्रति कर्मचारी के दायित्व से टकराव में हो। यह आवश्यक है कि किसी भी कर्मचारी के व्यक्तिगत हित और Ingersoll Rand के हित के बीच टकराव का आभास मात्र तक उत्पन्न न हो।

हालाँकि उन सभी परिस्थितियों का वर्णन करना संभव नहीं है जहाँ हितों का टकराव उत्पन्न हो सकता है, फिर भी हितों के कुछ संभावित टकराव इस प्रकार हैं:

- आप या आपके निकटस्थ परिवार का कोई सदस्य Ingersoll Rand के किसी प्रतिस्पर्धी व्यवसाय में कर्मचारी, मालिक, निदेशक या वित्तीय निवेशक हैं/है
- आप या आपके निकटस्थ परिवार का कोई सदस्य Ingersoll Rand से लेन-देन करने वाले किसी व्यवसाय में कर्मचारी, मालिक, निदेशक या वित्तीय निवेशक हैं/है
- आप किसी ऐसे पद के लिए नियुक्ति प्रबंधक हैं जिसके लिए आपके किसी रिश्तेदार पर विचार किया जा रहा है
- आप किसी ऐसे सहकर्मी के साथ प्रत्यक्ष रिपोर्टिंग संबंध में हैं जिससे आपका रोमांटिक संबंध है
- आप अपने व्यक्तिगत समय में किसी ऐसी कंपनी के लिए परामर्शदाता के रूप में काम करते हैं जो Ingersoll Rand से प्रतिस्पर्धा करती है
- आप अपने व्यक्तिगत समय में किसी ऐसी कंपनी के लिए सलाहकार के रूप में काम करते हैं जो Ingersoll Rand से अनुबंध करती है
- किसी रिश्तेदार के स्वामित्व वाली कंपनी को अनुबंध देना या उसके साथ व्यवसाय करना
- कर्मचारियों या उनके निकटस्थ परिवार के सदस्यों को ऋण देना या उनके दायित्वों की गारंटी लेना।

हितों के टकराव आम तौर पर निषिद्ध हैं। सीमित परिस्थितियों में अपवाद संभव हैं, लेकिन उन्हें केवल (1) वरिष्ठ प्रबंधन के कम-से-कम दो सदस्यों (अधिकारियों या निदेशकों को छोड़कर अन्य कर्मचारियों के मामले में) या (2) निदेशक मंडल (अधिकारियों या निदेशकों के मामले में) की सहमति से और विशिष्ट या सामान्य श्रेणियों की समीक्षा और अनुमोदन के बाद ही किया जा सकता है। हितों का टकराव हमेशा स्पष्ट नहीं होता, इसलिए यदि आपके मन में कोई प्रश्न हो तो आपको अपने पर्यवेक्षकों (सुपरवाइज़र) या प्रबंधकों से परामर्श करना चाहिए, और जहाँ उपयुक्त हो वहाँ, कंपनी के महाधिवक्ता से भी परामर्श करना चाहिए। हितों के टकराव का प्रकटन न करना संहिता का उल्लंघन है।

किसी भी कर्मचारी को यदि किसी अधिकारी या निदेशक को छोड़कर किसी अन्य कर्मचारी से संबंधित किसी टकराव या संभावित टकराव के बारे में पता चलता है, तो उसे तुरंत उस टकराव को अपने पर्यवेक्षक (सुपरवाइज़र), प्रबंधक या अन्य उपयुक्त कार्मिक के ध्यान में लाना चाहिए। कर्मचारियों को "चिंता की रिपोर्ट करना" के अंतर्गत "हम कदम उठाते हैं" में वर्णित नोटिफ़िकेशन प्रक्रियाओं का उपयोग करना चाहिए।

किसी भी पर्यवेक्षक (सुपरवाइज़र) या प्रबंधक को यदि किसी टकराव या संभावित टकराव की रिपोर्ट मिलती है तो उसे तुरंत कंपनी के महाधिवक्ता को उसकी सूचना देनी चाहिए। वरिष्ठ प्रबंधन के किसी सदस्य से संबंधित वास्तविक या संभावित हितों के टकराव का प्रकटन सीधे कंपनी के वैश्विक अनुपालन विभाग के समक्ष किया जाना चाहिए। और आखिर में, किसी निदेशक से संबंधित वास्तविक या संभावित हितों के टकराव को सीधे कंपनी के निदेशक मंडल के समक्ष प्रकट किया जाना चाहिए।



Ingersoll Rand कंप्रेसरों का उपयोग दुनिया भर में शराब बनाने और बोतल भरने के कामों में किया जाता है।

संहिता के प्रति जागरूकता

जर्मनी में व्यावसायिक यात्रा के दौरान फ्रांसिस्को का ग्राहक उसे रात्रिभोज पर आमंत्रित करता है।

स्वदेश लौटने पर फ्रांसिस्को उस भोजन को प्रतिपूर्ति के लिए अपने व्यय रिपोर्ट में प्रस्तुत नहीं कर सकता है।

## कॉर्पोरेट अवसर:

कर्मचारियों का कंपनी के प्रति यह कर्तव्य है कि जब-जब उन्हें कंपनी के वैध व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने का अवसर मिले तब-तब वे ऐसा करें। कर्मचारियों को निम्नलिखित कार्य करने की मनाही है:

- कंपनी की संपत्ति या जानकारी के उपयोग के ज़रिए या कंपनी में अपनी स्थिति के फलस्वरूप खोजे गए किसी भी अवसर को स्वयं या दूसरों को देना;
- कंपनी की संपत्ति या जानकारी या अपने पद का उपयोग अनुचित व्यक्तिगत लाभ के लिए करना; और
- किसी ऐसे व्यवसाय उपक्रम में प्रवेश करना जो कंपनी से प्रतिस्पर्धा करता हो या संभावित रूप से प्रतिस्पर्धा कर सकता हो।

## धोखाधड़ी

कभी-भी व्यय रिपोर्ट या समय-पत्र में हेराफेरी न करें। ऐसा करना धोखाधड़ी है।
जब आप अपने या किसी अन्य के अवैध व्यक्तिगत या वित्तीय लाभ के लिए जानकारी छिपाते हैं, बदलते हैं, उसकी जालसाज़ी करते हैं या उसका उल्लेख नहीं करते हैं तो आप धोखाधड़ी कर रहे होते हैं।

संहिता के प्रति जागरूकता

एक संभावित विक्रेता, जिससे कंपनी व्यवसाय करने पर विचार कर रही है, के साथ बैठक के बाद, वह विक्रेता रोनाल्डो और उनकी पत्नी को एक बहुत महँगे रात्रिभोज और संगीत समारोह में आमंत्रित करता है। विक्रेता का कहना है कि वह अनुबंध के लिए उनकी कंपनी पर विचार करने के लिए रोनाल्डो को धन्यवाद देना चाहता है। रोनाल्डो ने इंकार कर दिया क्योंकि वह विक्रेता चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी निष्पक्षता से समझौता नहीं करना चाहते थे।

धोखाधड़ी के उदाहरणों में शामिल हैं:


- किसी सहकर्मी के प्रदर्शन को बेहतर दिखाने के लिए कंपनी की बहियों और रिकॉर्डों में वित्तीय जानकारी को गलत तरीके से प्रस्तुत करना
- अशक्तता लाभ पाने के लिए गलत चिकित्सा जानकारी प्रस्तुत करना
- उत्पादकता लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विनिर्माण संख्याओं में परिवर्तन करना
- अपने लाभ के लिए चेक में जालसाज़ी करना या उसमें फेरबदल करना
- किसी भी कारण से उत्पाद परीक्षण या सुरक्षा डेटा में जालसाज़ी या हेराफेरी करना

## व्यावसायिक मनोरंजन और भोजन

आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य व्यावसायिक संपर्कों से मेलजोल, मज़बूत कार्य संबंध विकसित करने में सहायक हो सकता है, लेकिन इसकी कुछ सीमाएँ हैं कि किस प्रकार के मनोरंजन और सामाजिक आयोजन स्वीकार्य हैं। आम तौर पर आपको भोजन या मनोरंजन का निमंत्रण तब नहीं देना चाहिए जब उससे ऐसा प्रतीत हो कि आप किसी व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी प्रकार, आपको केवल ऐसे निमंत्रण स्वीकार करने चाहिए जो व्यवसाय से संबंधित हों और स्वतंत्र रूप से दिए गए हों। व्यावसायिक भोजन या मनोरंजन की स्वीकार्यता का मूल्य उचित होना चाहिए, उसे अक्सर नहीं होना चाहिए, तथा अनुपालन विभाग की पूर्व स्वीकृति के बिना, स्थापित "औचित्य" सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए।

सभी व्यावसायिक भोजन और मनोरंजन व्यय को व्यय रिपोर्ट में उचित ढंग से और सही-सही दर्ज किया जाना चाहिए।

सरकारी अधिकारियों को भोजन और मनोरंजन उपलब्ध कराने के नियम, भोजन और मनोरंजन के सामान्य नियमों से अधिक सख्त हैं तथा इस संहिता के "उपहार" अनुभाग में उनका अधिक विस्तार से वर्णन है।



हमारे कंप्रेसर एयरोस्पेस उद्योग के एक बेहतरीन साथी हैं जो बहाव और दबाव की बहुत तरह की आवश्यकताओं, जैसे विंड टनल और टरबाइन टेस्टिंग, को पूरा कर सकते हैं।

संहिता के प्रति जागरूकता

त्योहारों की छुट्टियों में, कंपनी के एक आपूर्तिकर्ता ने क्रिस्टीना को एक गिफ़्ट कार्ड दिया, जिसे एक स्थानीय स्पा में सेवा के लिए भुनाया जा सकता था। क्रिस्टीना ने विनम्रता से मना कर दिया, क्योंकि वह जानती है कि गिफ़्ट कार्ड को नकद के समतुल्य माना जाता है, और कर्मचारियों को नकद या नकद समतुल्य उपहार स्वीकार करने से हमेशा मना किया जाता है, चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो।

# उपहार

**कभी भी ऐसा उपहार स्वीकार न करें जो आपके निर्णय को प्रभावित कर सकता हो या आपको निर्णय लेने में पक्षपाती दिखा सकता हो।**
व्यावसायिक उपहारों का कभी-कभार आदान-प्रदान एक सामान्य प्रथा है जिसका उद्देश्य सद्भावना पैदा करना तथा व्यावसायिक संबंधों को मज़बूत बनाना है। हालाँकि, यदि उपहारों का दिया या लिया जाना अत्यधिक है, तो इससे पाने वाले के मन में व्यक्तिगत दायित्व की भावना उत्पन्न हो सकती है या इससे किसी अनुचित समझौते का आभास मिल सकता है।

दिए या लिए गए उपहार "उचित" सीमा से अधिक नहीं होने चाहिए। यदि कोई उपहार सीमा से अधिक है, तो उसे अनुपालन विभाग द्वारा **पूर्व-अनुमोदित** किया जाना चाहिए। यदि आपको सीमा से अधिक उपहार मिले, और उपहार को अस्वीकार करना या वापस करना अव्यावहारिक हो, तो आपको उचित कदम का निर्णय लेने के लिए तुरंत अनुपालन विभाग को इसकी सूचना देनी चाहिए। **आपको कभी-भी नकद या नकद समतुल्य राशि का उपहार स्वीकार नहीं करना चाहिए, चाहे उसका मूल्य कुछ भी हो** (जैसे, गिफ़्ट कार्ड)।

कंपनी चाहती है कि आप जिस देश में व्यवसाय कर रहे हैं उस देश की उपहार देने की प्रथाओं की कानूनी और नैतिक आवश्यकताओं से अवगत रहें और उनका अनुपालन करें।

सरकारी अधिकारियों को उपहार देने के नियम, उपहार देने के सामान्य नियमों से अधिक सख्त हैं। कर्मचारियों पर कंपनी के लिए लाभ सुनिश्चित करने हेतु किसी भी सरकारी कर्मचारी, उसके पति/उसकी पत्नी या रिश्तेदार को नकद, नकद समतुल्य, राजनीतिक और धर्मार्थ दान, धनेतर (इन-काइंड) सेवाएँ, भोजन, यात्रा और मनोरंजन, उपहार या आर्थिक मूल्य की कोई भी अन्य वस्तु देने पर सख्त प्रतिबंध है।

संहिता के प्रति जागरूकता

क्षेत्रीय वित्त प्रमुख शकर ने तिमाही लाभप्रदता लक्ष्य को पूरा करने के लिए उपार्जित व्यय को रिकॉर्ड न करने का निर्णय लिया। ऐसा करके वह अनुचित वित्तीय रिकॉर्ड तैयार कर रहा है जो संहिता का उल्लंघन है।

# धन शोधन

किसी भी धन शोधन योजना में शामिल होने से बचने के लिए हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। धन शोधन यानी मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके तहत लोग अवैध गतिविधियों से हुई आय को छिपाने का प्रयास करते हैं ताकि उनके अवैध धन का स्रोत वैध लगे। आपको हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप वैध धन का उपयोग करके वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ व्यवसाय कर रहे हों। यदि आपको संदेह है कि आपका ग्राहक या आपूर्तिकर्ता किसी अवैध गतिविधि में लिप्त है, तो इसकी रिपोर्ट अनुपालन विभाग को करें।



संहिता के प्रति जागरूकता

डेविड अपने निजी समय में अपनी पत्नी के साथ मिलकर एक छोटा-सा व्यवसाय विकसित कर रहे हैं। उनकी पत्नी पूछती हैं कि क्या वे व्यवसाय योजना पर काम करने के लिए उनकी कंपनी से मिले कंप्यूटर का उपयोग कर सकते हैं।

डेविड अपनी पत्नी को बताते हैं कि हालाँकि कंपनी के संसाधन, जिनमें कंप्यूटर और फोन शामिल हैं, का उपयोग निजी गैर-वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए सीमित आधार पर किया जा सकता है, लेकिन कंपनी के संसाधनों का उपयोग कभी-भी व्यक्तिगत व्यवसाय या इसी तरह के उद्यम को चलाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

# सटीक और पूरे व्यावसायिक रिकॉर्ड और सार्वजनिक प्रकटन

कंपनी की बहियों, रिकॉर्डों और वित्तीय विवरणों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा, विश्वसनीयता और सटीकता कंपनी की निरंतर और भावी व्यावसायिक सफलता की नींव हैं।

साथ ही, एक ऐसी कंपनी होने के नाते जिसके शेयर सार्वजनिक रूप से खरीदे-बेचे जाते हैं, कंपनी ऐसे कई कानूनों और विनियमों के अधीन है जो हमारे व्यावसायिक रिकॉर्डों को नियंत्रित करते हैं, इन कानूनों में अमेरिकी प्रतिभूति कानून (U.S. सिक्यॉरिटीज़ एक्ट) भी शामिल हैं। कंपनी के लिए सभी लागू कानूनों और लेखांकन (अकाउंटिंग) प्रथाओं के अनुपालन में अपनी वित्तीय गतिविधियों को दर्ज करना और सभी सरकारी एजेंसियों को वर्तमान, पूर्ण और सही जानकारी प्रदान करना आवश्यक है। कोई भी कर्मचारी किसी लेन-देन को धोखाधड़ीपूर्ण या गैरकानूनी तरीके से दस्तावेज़ीकृत या रिकॉर्ड करने के इरादे से कंपनी से वह लेन-देन नहीं करवा सकता है। साथ ही, कोई भी कर्मचारी कंपनी द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन के लिए कोई झूठा या कृत्रिम दस्तावेज़ या बही प्रविष्टि नहीं बना सकता है। इसी प्रकार, वे वित्तीय और लेखा (अकाउंटिंग) कर्मचारी जिन पर लेखांकन (अकाउंटिंग) और वित्तीय रिपोर्टिंग मामलों की ज़िम्मेदारी है, उन पर कंपनी की बहियों और रिकॉर्डों में सभी निधियों, परिसंपत्तियों और लेन-देन को सही ढंग से दर्ज करने का अतिरिक्त दायित्व है।

कंपनी की नीति यह है कि वह उसके द्वारा अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (U.S. सिक्यॉरिटीज़ एंड एक्सचेंज कमीशन) और राज्य एजेंसियों के समक्ष प्रस्तुत या दायर की गईं सभी रिपोर्टों और दस्तावेज़ों में और कंपनी द्वारा किए जाने वाले अन्य सभी सार्वजनिक संचारों में लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन में पूर्ण, निष्पक्ष, सही, समयबद्ध और समझ-में-आने-योग्य प्रकटन करे।

यदि आपको किसी ऐसे लेन-देन, घटना या परिस्थिति की जानकारी मिलती है जिसका हमारी वित्तीय रिपोर्टों पर प्रभाव पड़ सकता है या जिससे वे असत्य हो सकती हैं, तो आपको इस मामले के बारे में तुरंत हमारे कॉर्पोरेट नियंत्रक या कानूनी विभाग को सूचित करना चाहिए।

# कंपनी के धन की सुरक्षा

कंपनी के धन को हमेशा बुद्धिमानी से खर्च करें और कभी-भी उचित अनुमोदन के बिना कंपनी का धन खर्च न करें। कंपनी के धन का उपयोग कभी-भी किसी ऐसे उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए जिसे अनैतिक या कानून का उल्लंघन माना जाता हो, और कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड का उपयोग गैर-व्यावसायिक खरीद के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

# कंपनी की संपत्ति की चोरी या उसका दुरुपयोग

कंपनी की संपत्ति से व्यवहार करते समय — उसे अपनी खुद की संपत्ति मानकर उससे व्यवहार करें। हममें से हर व्यक्ति कंपनी की संपत्ति को लापरवाही, दुरुपयोग या बर्बादी से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए ज़िम्मेदार है। ज़ाहिर है, कंपनी की संपत्ति चुराना भी गलत और गैरकानूनी है।

सेल फोन और कंप्यूटरों में बहुत सारा संवेदनशील डेटा हो सकता है। उनकी सुरक्षा के लिए उचित सावधानी बरतें। यदि आपका सेल फोन या कंप्यूटर खो जाए तो तुरंत अपने प्रबंधक और IT विभाग को सूचित करें।

कंपनी की सुविधाओं, उपकरणों, उत्पादों, कार्यालय उपकरणों, वाहनों, सॉफ़्टवेयर, कंप्यूटरों, नेटवर्क और कंप्यूटर सिस्टम, टेलीफोन, सेल फोन, ज़ेरॉक्स मशीनों, आपूर्तियों और अन्य संपत्तियों का उपयोग अधिकांशतः केवल व्यवसाय से संबंधित उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए। बिना उचित अनुमति के कंपनी की संपत्ति को निजी उपयोग के लिए लेना या उसका उपयोग करना चोरी माना जा सकता है। कुछ परिसंपत्तियाँ, जैसे फोन और कंप्यूटर, सीमित आकस्मिक व्यक्तिगत उपयोग के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं, लेकिन इससे नौकरी के निष्पादन में बाधा नहीं आनी चाहिए।

संहिता के प्रति जागरूकता

हमारे संयंत्र में एक दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा दुर्घटना के बाद, मीडिया ने घटना की पृष्ठभूमि की जानकारी पाने के लिए जेवियर से संपर्क किया। हालाँकि जेवियर घटना के समय संयंत्र में ही था और उसने घटना को देखा था, फिर भी वह इस पूछताछ को संचार विभाग को भेज देता है। जेवियर को यह एहसास है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कंपनी से जुड़ी सारी जानकारी सुसंगत और सही हो।

कंपनी की परिसंपत्तियों का उपयोग करते समय या अपना काम करते समय कभी-भी ऐसी सामग्री का उपयोग, प्रतिलिपीकरण, प्रदर्शन, वितरण या भंडारण न करें जो यौन रूप से स्पष्ट, अश्लील, मानहानिकारक, उत्पीड़नकारी, अवैध या अन्यथा अनुचित हो।

## सरकार, कानूनी, और मीडिया पूछताछ

**यह महत्वपूर्ण है कि कंपनी एक सुर में बोले।**
समय-समय पर सरकारी एजेंसियाँ जानकारी पाने के लिए कंपनी के कर्मियों से संपर्क कर सकती हैं। साथ ही, कोई निजी वकील कंपनी से जुड़े किसी कानूनी मामले के बारे में आपसे संपर्क कर सकता है। यदि कोई आपसे जानकारी के लिए संपर्क करे, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप स्थानीय प्रबंधन या कानूनी या अनुपालन विभाग को सूचित करें।

मीडिया आपसे कंपनी से संबंधित किसी घटना या विषय पर संपर्क कर सकता है। यदि मीडिया द्वारा आपसे संपर्क किया जाए तो कृपया संचार विभाग को Communications.IR@irco.com पर तुरंत सूचित करें। कृपया उन प्रश्नों के उत्तर स्वयं देने का प्रयास न करें।




Ingersoll Rand की ईंधन प्रणालियों में जटिल GPS नियंत्रण होते हैं जो केवल निर्धारित भौगोलिक सीमाओं के भीतर ही ईंधन उतारने की अनुमति देते हैं।



## Ingersoll Rand कंप्रेसर दुनिया भर के मालवाहक और क्रूज जहाज़ों पर इस्तेमाल होते हैं।

3

# हम कानून का पालन करते हैं

**हम गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल न होकर अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखते हैं।**
एक वैश्विक कंपनी होने के नाते, हम जिन देशों में काम करते हैं, वहाँ सभी लागू कानूनों के अनुपालन में व्यवसाय करते हैं। अपनी नौकरी पर लागू कानूनों को जानना आपकी ज़िम्मेदारी है। यदि आपके पास कोई प्रश्न है, तो सहायता मांगें।

संहिता के प्रति जागरूकता

ग्लोरिया को रक्षा विभाग में काम करने वाले अब्दुल को काम पर रखने में रुचि है; अब्दुल यह निर्धारित करने में शामिल है कि किसी कंपनी को किसी बड़े अनुबंध के लिए चुना जाए या नहीं। रक्षा विभाग से अनुबंध मिलने की प्रतीक्षा के दौरान, ग्लोरिया अब्दुल से संपर्क करने के बारे में सोचती है, ताकि उसे बता सके कि यदि कंपनी को अनुबंध मिलता है तो वह उसे कंपनी के अनुबंध के प्रबंधन के लिए नियुक्त करना चाहती है। ग्लोरिया को पता चलता है कि वर्तमान संघीय कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में कुछ नियम हैं, इसलिए वह मार्गदर्शन के लिए मानव संसाधन (HR) से संपर्क करती है। HR ने ग्लोरिया को सलाह दी कि कंपनी को अब्दुल को नौकरी पर रखने का प्रस्ताव नहीं देना चाहिए। HR ने उसे यह भी बताया कि अनुबंध मिलने के बाद भी अब्दुल को काम पर रखना संभव हो सकता है, लेकिन तब भी, विभिन्न नियम लागू होंगे, और उसे कानूनी या अनुपालन विभाग के अनुमोदन और मार्गदर्शन के साथ ही अब्दुल से संपर्क करना चाहिए।

## कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन

कानून के शब्दार्थ और भावार्थ, दोनों का पालन करना, उन आधारों में से एक है जिन पर कंपनी के नैतिक मानक बने हैं। कंपनी का व्यवसाय संचालित करते समय, कर्मचारियों को उस क्षेत्राधिकार के कानूनों का सम्मान और पालन करना होगा जिसमें हम काम कर रहे हैं। हालाँकि सभी कर्मचारियों से इन कानूनों का विवरण जानने की अपेक्षा नहीं है, फिर भी लागू स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय कानूनों के बारे में पर्याप्त जानकारी होना महत्वपूर्ण है, ताकि यह तय किया जा सके कि कंपनी के महाधिवक्ता या अन्य उपयुक्त कर्मियों से कब सलाह लेनी है। यदि कोई कानून इस संहिता के साथ टकराव में हो तो आपको उस कानून का अनुपालन करना होगा। किसी भी लागू कानून, नियम और विनियम का पालन न करने पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिनमें सेवा की समाप्ति और संभावित आपराधिक और नागरिक दंड भी शामिल हैं।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विनियम

दुनिया भर के हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, हम भौगोलिक सीमाओं के पार माल स्थानांतरित करते हैं। हमारे व्यावसायिक लेन-देन अक्सर विभिन्न व्यापार कानूनों के अधीन होते हैं जो निर्यात, पुनः निर्यात और आयात को विनियमित करते हैं, जैसे:

- निर्यात नियंत्रण कानून, सीमा शुल्क कानून, व्यापार प्रतिबंध, व्यापारिक घाटबंदी और आर्थिक प्रतिबंध
- बहिष्कार विरोधी कानून जो कंपनियों को ऐसे अंतरराष्ट्रीय बहिष्कार में भाग लेने से रोकते हैं जो अमेरिकी सरकार द्वारा अनुमोदित नहीं है

सभी आयात/निर्यात लेन-देन, जिनमें परचेज़ ऑर्डर, अनुबंध, चालान और भुगतान रिकार्ड शामिल हैं पर वे इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, का रिकार्ड रखना महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विनियम जटिल हैं। यदि आपके कोई प्रश्न है, तो कृपया अपने स्थानीय प्रबंधन या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

संहिता के प्रति जागरूकता

एक व्यापार मेले में मार्टा की मुलाकात स्वेन से होती है; स्वेन एक पूर्व-कर्मचारी है और हाल ही में एक प्रतिस्पर्धी कंपनी में शामिल होने के लिए कंपनी छोड़ कर चला गया है। स्वेन ने अगले वर्ष के लिए कंपनी की कुछ नई बिक्री रणनीतियों के बारे में प्रश्न पूछे। स्वेन के मित्र और पूर्व-सहकर्मी होने के बावजूद, मार्टा ने उससे कहा कि वह उससे इस जानकारी पर चर्चा नहीं कर सकती, क्योंकि वह एक प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता है। उसने यह भी ध्यान रखा कि काम पर वापस आते ही वह कानूनी विभाग को इस बातचीत की सूचना देगी।

संहिता के प्रति जागरूकता

कार्लोस वेनेज़ुएला में बिक्री प्रबंधक है। वह वेनेज़ुएला की नौसेना को पंप उपलब्ध कराने के प्रोजेक्ट पर बोली लगा रहे हैं। एक नौसेना अधिकारी कार्लोस से संपर्क करके उसे बताता है कि एक अन्य कंपनी ने मज़बूत बोली प्रस्तुत की है, लेकिन एक छोटी-सी फ़ीस लेकर वह यह सुनिश्चित कर सकता है कि अनुबंध कार्लोस को ही मिले। कार्लोस ने शुल्क का भुगतान करने से इंकार कर दिया, क्योंकि वह जानता है कि व्यवसाय प्राप्त करने के लिए किसी विदेशी सरकारी अधिकारी को अनुचित भुगतान करना FCPA का उल्लंघन है। वह अनुपालन विभाग को भी बातचीत की रिपोर्ट देता है।

# उचित प्रतिस्पर्धा

**प्रतिस्पर्धियों के साथ कभी-भी कीमतों या बाज़ार हिस्सेदारी पर चर्चा न करें**

एकाधिकार-विरोधी (एंटी-ट्रस्ट) कानून यह सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं कि प्रतिस्पर्धा ज़ोरदार बनी रहे तथा मिलीभगत से मुक्त रहे। Ingersoll Rand व्यवसाय के हर क्षेत्र में अपने प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है; इन सभी क्षेत्रों में हम टीमवर्क और रचनात्मक सोच के ज़रिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधि के ज़रिए नहीं। हम इसलिए जीतते हैं क्योंकि हमारी वैश्विक टीम व्यवसाय के लिए उचित ढंग से और ईमानदारी से प्रतिस्पर्धा करती है। कर्मचारियों को कभी-भी ऐसा नहीं करना चाहिए:

- प्रतिस्पर्धियों के साथ कीमत-निर्धारण या रणनीतियों पर चर्चा करना
- कीमतें तय करने, बोलियों में तालमेल बैठाने, बाज़ार आपस में बाँटने या ग्राहक आपस में बाँटने पर सहमत होना

याद रखें, आपको प्रतिस्पर्धियों के साथ प्रतिस्पर्धा-विरोधी विषयों पर चर्चा करने की मनाही है, यहाँ तक कि व्यापार मेलों या ग्राहक आयोजनों जैसी अनौपचारिक जगहों पर भी आप यह चर्चा नहीं कर सकते हैं। यदि आप स्वयं को ऐसी स्थिति में पाते हैं जहाँ प्रतिस्पर्धी जानकारी पर चर्चा की जा रही है, तो आपको तुरंत वहाँ से हट जाना चाहिए और कानूनी विभाग को इसकी सूचना देनी चाहिए।

प्रतिस्पर्धा कानून जटिल हैं और इनमें भारी दंड का प्रावधान है। यदि आपके कोई प्रश्न हों तो कानूनी या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

# रिश्वतखोरी-विरोधी और भ्रष्टाचार

**कभी-भी किसी को ऐसी कोई चीज़ न दें जिसे रिश्वत समझा जा सके।**
**हम "सही और ईमानदार" तरीके से व्यवसाय करते हैं।**

Ingersoll Rand दुनिया भर के सभी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है; इन कानूनों में अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (फ़ॉरेन करप्ट प्रेक्टिसेज़ एक्ट, FCPA) और UK रिश्वतखोरी अधिनियम (ब्राइबरी एक्ट) शामिल हैं। कर्मचारियों तथा कंपनी की ओर से कार्य करने वाले अन्य लोगों को सरकारी अधिकारियों या निजी, गैर-सरकारी वाणिज्यिक संस्थाओं/इकाइयों/कंपनियों को अनुचित भुगतान करने या ऐसे भुगतान का वादा करने से प्रतिबंधित किया गया है। Ingersoll Rand सरलीकरण भुगतानों पर भी प्रतिबंध लगाती है — सरकारी कर्मचारियों को नियमित, गैर-विवेकाधीन कार्य करने के लिए किए जाने वाले भुगतान सरलीकरण भुगतान कहे जाते हैं। किसी सरकारी अधिकारी या किसी व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, इसके बदले में या इसके प्रयास में **कोई भी मूल्यवान वस्तु** कभी न दें:

- कोई अनुचित लाभ प्राप्त करना
- व्यवसाय प्राप्त करना या बनाए रखना
- सरकारी या व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करना



संहिता के प्रति जागरूकता

मानव संसाधन विभाग (HR) एक कथित कदाचार से संबंधित आंतरिक जाँच कर रहा है और ऐसे कुछ कर्मचारियों से साक्षात्कार कर रहा है जिनके पास उसके बारे में जानकारी हो सकती है। साक्षात्कार देने वाले कर्मचारियों में से एक, चूंग के पास इस बात के सबूत हैं कि उसका दोस्त इस कदाचार में शामिल था, लेकिन वह अपने दोस्त को परेशानी में नहीं डालना चाहता है। चूंग सोचता है कि यदि वह जो कुछ जानता है उसे उजागर न करे तो इसे झूठ बोलना नहीं माना जाएगा। हालाँकि, चूँग कंपनी की जाँच में सहयोग के लिए बाध्य है यानी उसे सभी प्रश्नों के उत्तर सच्चाई से देने होंगे और ऐसी कोई भी संभावित उपयोगी जानकारी भी प्रदान करनी होगी जिसके बारे में वह जानता हो। जाँच के दौरान जानकारी अपने पास दबाए रखना संहिता का उल्लंघन है।

रिश्वतखोरी-विरोधी कानूनों का पालन न करने पर कठोर दंड दिया जा सकता है। अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए कृपया कानूनी या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

## सरकार के साथ व्यवसाय करना

मौजूदा या संभावित सरकारी ग्राहकों के साथ काम करते समय, यह महत्वपूर्ण है कि हम सरकारी अनुबंध कार्य पर लागू विभिन्न कानूनों, विनियमों और कार्यविधियों का पालन करें। ये नियम अन्य वाणिज्यिक ग्राहकों के साथ व्यवसाय को नियंत्रित करने वाले नियमों की तुलना में अक्सर अधिक सख्त और जटिल होते हैं। यदि आपका काम किसी सरकारी एजेंसी, जैसे सेना या किसी सरकारी ठेकेदार, को मार्केटिंग या बिक्री करना, से अनुबंध करना या के लिए किसी परियोजना पर काम करना है, तो आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि आप सरकार के साथ व्यवसाय करने के लिए आवश्यक कानूनों और नियमों को जानें और उनका पालन करें।

इन नियमों का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है, भविष्य में सरकारी अनुबंधों से वंचित किया जा सकता है, और यहाँ तक कि व्यक्तियों और कंपनी के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा भी चलाया जा सकता है।

## सरकारी कर्मचारियों को काम पर रखना

Ingersoll Rand को वर्तमान और पूर्व सरकारी कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित नियमों और विनियमों का पालन करना होगा। प्रारंभिक चर्चा तक में भी शामिल होने से पहले मानव संसाधन और कानूनी या अनुपालन विभाग से पूर्व अनुमति लें। कृपया ध्यान दें कि ये नियम इंटर्नशिप के साथ-साथ अन्य पदों पर भी लागू होते हैं।

## वेतन और घंटों के नियम

Ingersoll Rand वेतन और घंटे संबंधी सभी लागू कानूनों और विनियमों के पालन को प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करने में सहायता के लिए कि Ingersoll Rand के लिए किए गए सभी कार्यों के लिए सही ढंग से पारिश्रमिक दिया जाए, सभी गैर-छूट प्राप्त (घंटे-वार) कर्मचारियों को अपने देश के कानून या नीति के अनुसार आवश्यक किए गए रूप से अपने काम किए गए समय को सही ढंग से रिकॉर्ड करना होगा — चाहे वह निर्धारित हो या अनिर्धारित, ओवरटाइम हो या मानक, अधिकृत हो या अनधिकृत।

## पर्यावरण संरक्षण

**हम आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की सुरक्षा की चिंता करते हैं।**
Ingersoll Rand अपने व्यवसाय से पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को न्यूनतम करने और अपने संयंत्रों और सुविधाओं का संचालन सभी लागू पर्यावरणीय विनियमों के अनुपालन में करने को प्रतिबद्ध है। सभी कर्मचारियों से लागू पर्यावरण कानूनों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है।

## कंपनी की जाँचों और ऑडिट में सहयोग करना

सभी कर्मचारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कंपनी की जाँच में पूर्ण सहयोग करें और ईमानदारी से सच्ची जानकारी प्रदान करें। जाँच के दौरान जानकारी न देना या सहयोग न करना(इसमें किसी कर्मचारी द्वारा अपने सभी व्यवसाय-संबंधित इलेक्ट्रॉनिक संचारों तक पहुँच प्रदान न करना शामिल पर है पर वह इसी तक सीमित नहीं है) संहिता का उल्लंघन है।

कर्मचारियों को आंतरिक और बाहरी ऑडिटरों का पूरा सहयोग करना चाहिए। आपको कंपनी के ऑडिट या समीक्षा में लगे किसी भी व्यक्ति को गुमराह करने, धोखाधड़ी से प्रभावित करने या हेरफेर करने का प्रयास कभी नहीं करना चाहिए।



## Ingersoll Rand कंप्रेसर और पंप तेल और प्राकृतिक गैस की खोज में इस्तेमाल होते हैं।

4

# हम ग्राहकों को सफल बनाते हैं

**हम ऐसे उत्पाद बनाते हैं जिन्हें अपना कहने में हमें गर्व होता है।**


हमारे ग्राहक यह अपेक्षा रखते हैं कि हमारे उत्पाद बाज़ार में सर्वोत्तम हों, और हम जानते हैं कि आवश्यक, महत्वपूर्ण और मिशन-महत्वपूर्ण समाधानों के लिए वे हम पर निर्भर रहते हैं। हम हमारे ग्राहकों से आजीवन जुड़े रहने की आकांक्षा रखते हैं, इसलिए हम उसके साथ आने वाली ज़िम्मेदारी को भी स्वीकार करते हैं। उनकी संतुष्टि हमारी सफलता के लिए आवश्यक है, और हम चाहते हैं कि वे हमारे उत्पादों और सेवाओं से प्रसन्न हों।

## उत्पाद गुणवत्ता

हम उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम हमारे ग्राहकों को सुरक्षित और अभिनव उत्पाद प्रदान कर रहे हों, हम हमारे उत्पादों का निर्माण सभी लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन में करते हैं। साथ ही, हम व्यापक उत्पाद परीक्षण और गुणवत्ता आश्वासन कार्य करते हैं। यदि उत्पाद गुणवत्ता या सुरक्षा से संबंधित कोई वास्तविक या संभावित समस्या उत्पन्न हो, तो तुरंत अपने पर्यवेक्षक (सुपरवाइज़र), अपने सुविधा प्रमुख (फ़ेसिलिटी लीडर), अपने सुविधा सुरक्षा संयोजक (फ़ेसिलिटी सेफ़्टी कोऑर्डिनेटर) या कॉर्पोरेट पर्यावरण और सुरक्षा विभाग को सूचित करें।

## ग्राहक संतुष्टि

Ingersoll Rand अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले नवीन, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का विकास करके ग्राहकों को अपना बनाए रखता है। हमारा लक्ष्य अपने सभी उत्पादों और ब्रांडों की ग्राहक संतुष्टि में नंबर 1 बनना है।





Ingersoll Rand रोगी देखभाल, प्रयोगशालाओं, दवा अनुसंधान और उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के प्रमुख घटक प्रदान करती है।

# 5 हम साथ मिलकर काम करते हैं

**हम साथ मिलकर एक सकारात्मक कार्य परिवेश बनाते हैं।**
हम एक वैश्विक टीम हैं, और हम एक ऐसी संस्कृति की कद्र करते हैं जो विचारों, पृष्ठभूमियों और अनुभवों के विविध बिंदुओं को अपनाती है। हम लोगों से किए जाने वाले व्यवहार और उनके लिए उपलब्ध अवसरों में समानता के लिए प्रतिबद्ध हैं, और एक ऐसे समावेशी, स्वस्थ और सम्मानजनक कार्य परिवेश की रचना करते हैं जहाँ सभी कर्मचारी सार्थक तरीके से कार्य कर सकें और योगदान दे सकें।

संहिता के प्रति जागरूकता

जोहान ने देखा कि संयंत्र में एक उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया है और उससे लोगों को चोट लग सकती है। उसे चिंता है कि यदि उसने अपनी शिफ़्ट खत्म होने से पहले इसकी रिपोर्ट दी तो हो सकता है कि संयंत्र में उत्पादन बंद हो जाए।

बहरहाल, जोहान ने निर्णय लिया कि "सुरक्षा सर्वप्रथम है" इसलिए उसने असुरक्षित स्थिति की रिपोर्ट तुरंत अपने प्रबंधक और संयंत्र सुरक्षा प्रमुख (प्लांट सेफ़्टी लीडर) को दी।

## स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून

**सुरक्षा हमेशा हमारी पहली प्राथमिकता है।**
यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा कार्य परिवेश सुरक्षित हो, कर्मचारियों के लिए सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से मशीनों के संचालन और भारी वस्तुओं को उठाने से संबंधित प्रक्रियाओं का।

हम सुरक्षा को सर्वप्रथम मानकर, स्थापित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करके, कंपनी के सुरक्षा कार्यक्रमों का अनुपालन करके, तथा जिस भी देश में हम काम करते हैं वहाँ व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विनियमों का सख़्ती से पालन करके दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। किसी भी संभावित असुरक्षित गतिविधि की रिपोर्ट तुरंत अपने प्रबंधक या संयंत्र सुरक्षा संयोजक (प्लांट सेफ़्टी कोऑर्डिनेटर) को दें। यदि आपको लगे कि किसी सुरक्षा मुद्दे का आपके स्थानीय प्रबंधन द्वारा उचित ढंग से समाधान नहीं किया जा रहा है, तो आपको कॉर्पोरेट पर्यावरण और सुरक्षा विभाग से संपर्क करना चाहिए।

## एक-दूसरे से सम्मानपूर्वक व्यवहार करना

**हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं। हम विभिन्न संस्कृतियों का सम्मान करते हैं, और विभिन्न विचारों को महत्व देते हैं।**
Ingersoll Rand में हम एक-दूसरे के साथ अटूट सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करते हैं, और हम इस बात की कद्र करते हैं कि हम सभी अलग-अलग पृष्ठभूमियों और संस्कृतियों से आते हैं। हमारा मानना है कि सभी कर्मचारियों को — चाहे वे कहीं भी स्थित हों — भेदभाव, उत्पीड़न और धौंस-धमकी से मुक्त परिवेश में काम करने का अधिकार है। हम दुनिया भर में मौजूद विभिन्न कार्यस्थलीय प्रथाओं का भी सम्मान करते हैं और स्थानीय संस्कृतियों और प्रथाओं के प्रति संवेदनशील हैं।

## निजता

**हम हमारे कर्मचारियों के व्यक्तिगत निजता अधिकारों का समर्थन करते हैं।**
एक सच्ची वैश्विक टीम बनने के लिए हमें एक-दूसरे की निजता का सम्मान करना ही होगा। यदि आपके पास हमारे कर्मचारियों के व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य डेटा, या डेटा को बनाए रखने वाले सिस्टमों तक पहुँच है, तो आपको व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य डेटा के एकत्रण, उपयोग और प्रकटन से संबंधित सभी लागू नीतियों और कानूनों का अनुपालन करना होगा।

आपको:

- केवल वैध व्यावसायिक उद्देश्य के लिए ही व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँचना चाहिए
- व्यक्तिगत जानकारी का भंडारण और निपटान सुरक्षित ढंग से करना चाहिए
- किसी भी संभावित निजता अतिक्रमण या सुरक्षा जोखिम की रिपोर्ट स्थानीय कानून के अनुसार कंपनी के कानूनी विभाग या अन्य अधिकृत व्यक्तियों को तुरंत देनी चाहिए
- डेटा निजता से संबंधित सभी स्थानीय कानूनों को समझना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए



Howden Roots LLC (Roots) लो-प्रेशर कंप्रेशन और वैक्यूम टेक्नॉलजी की अग्रणी प्रदाता है और उसके पास पॉज़िटिव डिस्प्लेसमेंट ब्लोअर, रोटरी लोब ब्लोअर और सेंट्रीफ़्यूगल कंप्रेसर का प्रभावशाली पोर्टफ़ोलियो और ग्रीन स्टील में विशेषज्ञता है।

कई देशों में ऐसे कानून और निर्देश हैं जो कर्मचारियों की कुछ व्यक्तिगत जानकारी के देश की सीमाओं के पार आदान-प्रदान को नियंत्रित करते हैं। हम जिन देशों में व्यवसाय करते हैं वहाँ लागू गोपनीयता कानूनों का पालन करते हैं। यदि आप किसी ऐसी परियोजना में शामिल हैं जिसके लिए आपको व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी को उसके मूल देश से बाहर स्थानांतरित करना आवश्यक है, तो कृपया कानूनी, IT या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

कंपनी के कंप्यूटरों में भंडारित सारा इलेक्ट्रॉनिक डेटाऔर सारे व्यवसाय-संबंधी इलेक्ट्रॉनिक संचार (चाहे ऐसे संचार कहीं भी भंडारित हों) कंपनी की संपत्ति हैं। कर्मचारियों को कंपनी के कंप्यूटरों या अन्य कंपनी संसाधनों का उपयोग करते समय निजता की कोई अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए।

कंपनी कानून की सीमाओं के भीतर किसी भी समय अपने सिस्टम पर दस्तावेज़ों की निगरानी कर सकती है या उन तक पहुँच बना सकती है। Ingersoll Rand यह स्वीकार करती है कि अमेरिका से बाहर के कुछ देशों में, कर्मचारियों के पास कंपनी द्वारा जारी कर्मचारी कंप्यूटरों पर स्थित व्यक्तिगत डेटा के लिए सीमित निजता अधिकार हैं। जहाँ आवश्यक हो वहाँ, Ingersoll Rand ऐसे डेटा के संबंध में ऐसे अधिकारों का सम्मान करती है।

# विविधता और समावेशन

हम हमारे कार्यबल में विविधता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी नियुक्ति प्रथाएँ नस्ल/जाति, रंग, धर्म, आयु, लिंग, यौन झुकाव, राष्ट्रीय मूल, अशक्तता, नागरिकता की स्थिति, पूर्व-सैनिक स्थिति या कानून द्वारा कवर किए गए किसी भी अन्य कारक के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करती हैं। हमारा मानना है कि हमारे कार्यबल में विविधता एक मूल्यवान संपत्ति है, और हम एक ऐसे समावेशी कार्य परिवेश की रचना का प्रयास करते हैं जिसमें विभिन्न विचारों, दृष्टिकोणों और विश्वासों को महत्व दिया जाता है और प्रोत्साहित किया जाता है।

# उत्पीड़न-विरोधी

**कार्यस्थल पर अवांछित यौन प्रस्ताव, यौन अनुग्रह के अनुरोध, या डेट की माँग कभी भी स्वीकार्य नहीं है।**

हम ऐसा कार्य परिवेश उपलब्ध कराना चाहते हैं जो उत्पीड़न-मुक्त हो। उत्पीड़न कई रूप ले सकता है, जिसमें ऐसा अवांछित मौखिक, दृश्य या शारीरिक व्यवहार शामिल है जो डराने वाला, आक्रामक/अपमानकारी या शत्रुतापूर्ण कार्य परिवेश बनाता है। हम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, नस्लीय, जातीय, लैंगिक या धार्मिक अपशब्दों या अपमानजनक टिप्पणियों को सहन नहीं करते हैं। उत्पीड़न, चाहे वह यौन हो या अन्य प्रकार का, आपकी क्रियाओं और दूसरों पर उसके प्रभाव से निर्धारित होता है, चाहे आपके इरादे कुछ भी हों।

# कार्यस्थलीय हिंसा के लिए शून्य सहनशीलता

हम कार्यस्थल पर हिंसा की किसी भी धमकी या कृत्य, या अनुचित/आक्रामक शारीरिक या मौखिक व्यवहार को सहन नहीं करेंगे। इसमें धमकी भरी या उत्पीड़क टिप्पणियाँ या कमेंट, शारीरिक हमले या किसी अन्य की संपत्ति को नुकसान पहुँचाना शामिल है।




इंगरसोल रैंडताररहित और वायवीय प्रभाव रिंच को हर जगह पेशेवरों द्वारा अत्यधिक माना जाता है। वे अपने स्थायित्व और कॉम्पैक्ट प्रोफ़ाइल के लिए प्रसिद्ध हैं, जो बाजार में मजबूत विश्वसनीयता और सर्वोत्तम पावर-टू-वेट अनुपात प्रदान करते हैं।

संहिता के प्रति जागरूकता

ब्रैड को दो सहकर्मियों के बीच गरमागरम बहस सुनाई देती है। दोनों चिल्ला रहे हैं और वे एक-दूसरे के प्रति आक्रामक और टकरावपूर्ण हैं। ब्रैड इस डर से इसमें शामिल नहीं होना चाहता कि कहीं उसे चोट न लग जाए। हालाँकि, ब्रैड किसी सुरक्षित स्थान पर जाकर मानव संसाधन विभाग और अपने प्रबंधक से संपर्क करने का निर्णय लेता है। वह जानता है कि Ingersoll Rand कार्यस्थल पर हिंसा के प्रति शून्य सहनशीलता रखती है।

## ड्रग्स और एल्कोहॉल मुक्त

नशीली दवाएँ/नशीले पदार्थ और एल्कोहॉल व्यक्ति की निर्णय क्षमता और माँसपेशियों से काम लेने के कौशल को खराब कर सकती हैं और सहकर्मियों, ग्राहकों और अन्य लोगों को नुकसान पहुँचने का जोखिम पैदा कर सकती हैं। कंपनी की संपत्ति पर या कार्य के दौरान अवैध दवाओं/नशीले पदार्थों का उपयोग करना, रखना या उनके प्रभाव में रहना सख्त तौर पर वर्जित है। हालाँकि, Ingersoll Rand यह स्वीकार करती है कि अमेरिका से बाहर के कुछ देश हमें कंपनी की संपत्ति पर एल्कोहॉल रखने पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति नहीं देते हैं और Ingersoll Rand आवश्यक सीमा तक ऐसे स्थानीय कानूनों और नियमों का पालन करेगी।

## सामुदायिक और राजनीतिक गतिविधियाँ

हम कर्मचारियों को स्वस्थ कार्य/जीवन संतुलन बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, और हम कर्मचारियों को अपने समुदायों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हालाँकि, कर्मचारियों को कभी-भी अपनी व्यक्तिगत धार्मिक या राजनीतिक मान्यताओं को दूसरों पर नहीं थोपना चाहिए।

राजनीतिक गतिविधियाँ काम से बाहर के खुद के समय में ही संचालित की जानी चाहिए। कर्मचारियों को कंपनी की संपत्ति पर उम्मीदवारों का प्रचार या राजनीतिक सामग्री का वितरण नहीं करना चाहिए। किसी भी कर्मचारी को कानूनी विभाग की स्पष्ट अनुमति के बिना कंपनी के नाम पर राजनीतिक चंदे देने का अधिकार नहीं है।





क्वांटिमा (Quantima) एक क्रांतिकारी डायरेक्ट ड्राइव, टू स्टेज एयर कंप्रेसर है जिसका उपयोग ऑटोमोटिव और पेय अनुप्रयोगों में किया जाता है और यह कंप्रेसर हमारे ग्राहकों के ऊर्जा बचत उद्देश्यों को पूरा करता है।

6

# हम रचनात्मक ढंग से सोचते हैं

**हम हमारी कंपनी की बौद्धिक संपदा की रक्षा करते हैं।**

हम हमारी रचनात्मक सोच पर और हमारे ग्राहकों के लिए नवीन और अनुप्रयोग-महत्वपूर्ण उत्पादों को डिज़ाइन करने पर गर्व करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम सभी इन विचारों और नवाचारों के साथ-साथ कंपनी की अन्य संपत्तियों की सुरक्षा के लिए भी साथ मिलकर काम करें।

संहिता के प्रति जागरूकता

राल्फ़, इमैनुएल और कई अन्य सहकर्मियों के साथ लिफ़्ट में सवार है, तभी इमैनुएल उससे एक ग्राहक से संबंधित कुछ गोपनीय जानकारी के बारे में प्रश्न पूछता है। राल्फ़ ने इमैनुएल से कहा कि वह बातचीत करने के लिए उसके ऑफ़िस आए, क्योंकि वह जानता है कि उन्हें सार्वजनिक स्थान पर इस जानकारी पर चर्चा नहीं करनी चाहिए।

## गोपनीय जानकारी

**कंपनी के विचारों, डिज़ाइनों और अनुसंधान एवं विकास को कंपनी के बाहर किसी के भी साथ तब तक साझा न करें जब तक कि आपको ऐसा करने के लिए स्पष्ट रूप से अधिकृत न किया गया हो।**

गोपनीय जानकारी वह जानकारी है जो जनता के लिए उपलब्ध नहीं है, जिसका कंपनी के भीतर प्रकटन सीमित है, या जिसे कंपनी द्वारा गोपनीय घोषित किया गया है। कभी-कभी, आपके पास कंपनी की गोपनीय जानकारी या किसी व्यावसायिक साझेदार की गोपनीय जानकारी तक पहुँच हो सकती है। गोपनीय जानकारी में वह सारी गैर-सार्वजनिक जानकारी शामिल है जो प्रतिस्पर्धियों के लिए उपयोगी हो सकती है या जिसका प्रकटन कंपनी या उसके ग्राहकों के लिए हानिकारक हो सकता है, और इसमें व्यापार के रहस्य, महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी, व्यवसाय योजनाएँ, कीमत निर्धारण, आविष्कार, डिज़ाइन और नए उत्पाद शामिल हैं।

सारी गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के लिए बुनियादी कदम उठाए जाने चाहिए, जिनमें शामिल हैं:


- जानकारी को स्पष्ट रूप से "गोपनीय" चिह्नित करना ताकि अन्य लोगों को पता चले कि उस जानकारी को संरक्षित किया जाना चाहिए
- गोपनीय जानकारी केवल उन लोगों को बताना जिन्हें "जानने की वैध आवश्यकता" है
- गोपनीय जानकारी का उपयोग केवल उसके अभीष्ट उपयोग के लिए करना
- गोपनीय दस्तावेज़ों को कार्य क्षेत्र से तभी हटाना जब ऐसा करना अत्यंत आवश्यक हो
- गोपनीय जानकारी का निपटान उसकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किए गए तरीके से करना (जैसे, महीन, छोटे-छोटे टुकड़े करना)
- गोपनीय जानकारी पर निजी क्षेत्र में चर्चा करने में सावधानी बरतना, ताकि कोई भी व्यक्ति बातचीत को सुन न सके (याद रखें, लिफ़्ट और विश्राम कक्ष निजी क्षेत्र नहीं हैं)

## भेदिया व्यापार

एक कर्मचारी के रूप में, आपको Ingersoll Rand या किसी अन्य कंपनी की "महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी" का भी ज्ञान हो सकता है। महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी वह जानकारी है जो किसी विवेकशील निवेशक को उस जानकारी के आधार पर किसी कंपनी के स्टॉक को खरीदने या बेचने के लिए प्रभावित कर देती। कर्मचारियों को, जब तक उनके पास किसी कंपनी से संबंधित महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी है तब तक, उस कंपनी के स्टॉक (शेयर) को खरीदने या बेचने पर सख्त मनाही है। कर्मचारियों को "स्टॉक टिपिंग" — यानी, किसी रिश्तेदार, सहकर्मी, मित्र या किसी अन्य को कंपनी के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का खुलासा करना, ताकि वह व्यक्ति ऐसी जानकारी के आधार पर कंपनी के स्टॉक (शेयर) को खरीद या बेच सके — इसे भी सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है।



इटली के पार्मा में स्थित Robuschi S.r.l. जल उपचार से लेकर चीनी उद्योग तक में कंप्रेसर, ब्लोअर और पंपों का डिज़ाइन और निर्माण करती है।




Ingersoll Rand एक्ज़िक्यूशन एक्सिलेंस (IRX)™ हमारा एक्ज़िक्यूशन (निष्पादन) इंजन है जो ऐसी सरल प्रक्रियाओं पर आधारित है जो हमारे मूल्यों को स्थापित करते हुए हाई-परफ़ॉर्मेंस संस्कृति को संचालित करती हैं और स्व-निर्देशित कार्य टीमों में हमारे रणनीतिक फ़ोकस क्षेत्रों का निष्पादन संभव बनाती हैं।

# बौद्धिक संपदा

**उचित प्राधिकारीकरण के बिना कभी-भी हमारी बौद्धिक संपदा का वितरण या प्रकाशन न करें।**

हमारी बौद्धिक संपदा कंपनी की एक अमूल्य संपत्ति है और हमें इसका सख्ती से संरक्षण करना चाहिए। बौद्धिक संपदा में हमारे ब्रांड, कॉपीराइट, आविष्कार, पेटेंट, व्यापार के रहस्य और प्रक्रियाएँ शामिल हैं, जिनमें बिना किसी सीमा के वे प्रक्रियाएँ और मानक कार्य आते हैं जिनसे हमारा Ingersoll Rand एक्ज़िक्यूशन एक्सिलेंस (IRX)™ एक्ज़िक्यूशन इंजन बना है। उचित प्राधिकारीकरण और कानूनी विभाग द्वारा अनुमोदित लाइसेंस समझौते के बिना किसी भी तृतीय पक्ष को हमारे ट्रेडमार्क या अन्य बौद्धिक संपदा का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

हमारी बौद्धिक संपदा में हमारे कर्मचारियों के कार्य उत्पाद भी शामिल हैं। एक कर्मचारी के रूप में, अपने कर्तव्यों के संबंध में या कंपनी के समय, संसाधनों या जानकारी का उपयोग करके आप जो कार्य करते हैं और जो चीज़ें बनाते हैं वे Ingersoll Rand की संपत्ति हैं और उनका उपयोग केवल कंपनी के व्यवसाय के संचालन के लिए किया जाना चाहिए। इसमें दस्तावेज़, योजनाएँ, विश्लेषण और अनुमान, आविष्कार, विचार, सॉफ़्टवेयर प्रोग्राम, सुधार, कलाकृति, प्रक्रियाएँ, डिज़ाइन या ऐसा कोई भी अन्य कार्य शामिल है जिसे बनाने में या जिसकी रचना करने में आपने कंपनी के लिए अपने कार्य के संबंध में सहायता की है। यदि आप कंपनी छोड़ते हैं, तो कंपनी की सारी संपत्ति कंपनी के पास ही रहेगी या कंपनी को वापस कर दी जाएगी और आपको प्रतियाँ रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी, तब के सिवाय जब अन्यथा स्पष्ट रूप से सहमति हो या निर्धारित हो।

# ईमेल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और सूचना सिस्टम

कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी सिस्टम हमारे व्यवसाय का एक प्रमुख घटक हैं और उनका उपयोग केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए ही किया जाना चाहिए। कंपनी यह मानती है कि समय-समय पर कर्मचारियों को सीमित व्यक्तिगत उपयोग के लिए कंपनी के उपकरणों और/या संचार का उपयोग करने की आवश्यकता पड़ सकती है। निम्नलिखित परिस्थितियों में इस प्रकार के उपयोग की अनुमति है:

- वह सीमित अवधि का हो
- कर्मचारी की नौकरी की ज़िम्मेदारियों में हस्तक्षेप न करता हो
- उसमें मानहानिपूर्ण, अपमानजनक, आपत्तिजनक, नस्लवादी, अश्लील या अभद्र सामग्री न हो
- वह कंपनी पर बुरा प्रभाव न डालता हो, कंपनी की प्रतिष्ठा पर नकारात्मक प्रभाव न डालता हो या कंपनी को देनदारी के जोखिम में न डालता हो

जिन देशों में कानूनन अनुमति है वहाँ, Ingersoll Rand को किसी भी कर्मचारी के ईमेल, टेक्स्ट संदेश, वॉइस मेल, सोशल मीडिया गतिविधि और इंटरनेट के उपयोग पर निगरानी रखने का अधिकार है।

चैट रूम, संदेश बोर्ड और इसी तरह की वेबसाइटें सार्वजनिक मंच हैं जहाँ कंपनी की गोपनीय जानकारी, व्यक्तिगत या ग्राहक डेटा, व्यापार के रहस्यों या किसी अन्य अनधिकृत सामग्री का प्रकटन अनुचित है। यदि आपके लिए व्यावसायिक कारणों से इन मंचों का उपयोग करना आवश्यक हो, तो अनुमोदन के लिए पहले से अपने स्थानीय प्रबंधन या कानूनी या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

किसी भी सॉफ़्टवेयर, जिसमें मुफ़्त सॉफ़्टवेयर, शेयरवेयर, प्रदर्शन या मूल्यांकन सॉफ़्टवेयर शामिल हैं, को किसी कर्मचारी के कंप्यूटर पर तब तक डाउनलोड या इंस्टॉल नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि उसे IT द्वारा अनुमोदित और इंस्टॉल न किया गया हो।

संहिता के प्रति जागरूकता

क्लाउस को अपने एक दोस्त से यौन विषयक चुटकुलों वाला एक ईमेल आता है। क्लाउस जानता है कि इंटरनेट पर अनुचित सामग्री भेजने के लिए कंपनी की संपत्ति का उपयोग कभी-भी स्वीकार्य नहीं है, इसलिए वह ईमेल को मिटा देता है और किसी को भी वह ईमेल नहीं भेजता है।




Ingersoll Rand का एक कर्मचारी पंप का गहन निरीक्षण कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम ग्राहकों की उम्मीदों से भी बढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# कंपनी रिकॉर्डों का प्रतिधारण

**कभी-भी कंपनी के उन रिकॉर्डों को संशोधित न करें, मिटाएँ नहीं या छिपाएँ नहीं जिन्हें कानूनी कारणों से रखना आवश्यक है।**

सभी कर्मचारियों के लिए कंपनी के रिकॉर्डों को बनाए रखने और नष्ट करने के उस निर्धारित कार्यक्रम का पालन आवश्यक है जो कागज़ी और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ों पर लागू होता है।

समय-समय पर, आपको किसी कानूनी मामले के संबंध में कुछ रिकॉर्डों को बनाए रखने की आवश्यकता के बारे में सूचित किया जा सकता है। इसे "कानूनी रोक" (लीगल होल्ड) कहते हैं। आपके लिए इस अनुरोध का अनुपालन आवश्यक है और संरक्षित किए जाने वाले किसी भी रिकार्ड को संशोधित करने, हटाने, मिटाने, फेंकने या अन्यथा नष्ट करने की सख्त मनाही है।



## संहिता के प्रति जागरूकता

डोन्ज़ैले को एक परियोजना, जिस पर उसने काम किया था, से संबंधित कानूनी रोक का नोटिस मिला। कानूनी रोक में उसे परियोजना से संबंधित सभी दस्तावेज़ों, रिकॉर्डों और ईमेल को अपने पास बनाए रखने का निर्देश दिया गया था। डोन्ज़ैले को अपने भेजे एक ईमेल के बारे में चिंता है जिसमें उसने लिखा था कि उसके बॉस इस परियोजना में अनैतिक तरीके से काम कर रहे हैं। पर अब उसे ऐसा नहीं लगता, और वह जानता है कि केवल वह और ईमेल पाने वाला ही इस ईमेल के बारे में जानते हैं।

डोन्ज़ैले ने वह ईमेल मिटाने की सोची, ताकि उसके बॉस के बारे में उसकी नकारात्मक टिप्पणियाँ प्रकाश में न आएँ। हालाँकि, डोन्ज़ैले यह एहसास है कि एक बार कानूनी नोटिस जारी होने के बाद, वह नोटिस में संरक्षण हेतु निर्धारित किए गए किसी भी दस्तावेज़ में संशोधन या परिवर्तन नहीं कर सकता या उसे मिटा नहीं सकता है, चाहे वे कितने भी शर्मनाक या झूठे क्यों न हों।

# 7

# हम कदम उठाते हैं
# हम संहिता का समर्थन करते हैं।

हम मालिकों की तरह सोचते और कार्य करते हैं, और हम कदम भी उठाते हैं। सभी से यह अपेक्षित है कि वे हमारी संहिता में निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करें।

**सभी कर्मचारियों से न केवल संहिता का पालन अपेक्षित है, बल्कि उदाहरण बनकर अगुआई करना भी अपेक्षित है।**
कार्यस्थल पर सम्मान और विश्वास को बढ़ावा देना हर किसी की ज़िम्मेदारी है।

यदि आप कर्मचारियों का पर्यवेक्षण (सुपरविज़न) करते हैं, तो आपसे न केवल संहिता का पालन अपेक्षित है, बल्कि आपसे यह भी सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है कि आपके द्वारा पर्यवेक्षित कर्मचारी हमारी संहिता को समझें और उसका अनुपालन करें। साथ ही, सुविधा प्रमुखों (फ़ेसिलिटी लीडर) को यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना होगा कि उनकी सुविधाओं (फ़ेसिलिटी) में काम करने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा हमारी संहिता का पालन किया जाए। पर्यवेक्षकों (सुपरवाइज़र) के लिए यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि अनुपालन प्रशिक्षण उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के बीच उचित रूप से वितरित हो और वे उसे पूरा करें।

हम सभी को मिलकर ऐसा परिवेश बनाने के लिए काम करना होगा जहाँ कर्मचारी सहजता से प्रश्न पूछ सकें और अपनी चिंताएँ व्यक्त कर सकें। यदि आपको किसी कदाचार की जानकारी या का संदेह है, तो आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप या तो स्थिति का समाधान करें या उचित व्यक्ति के समक्ष इस मुद्दे को उठाएँ ताकि समस्या का समुचित समाधान किया जा सके।

संहिता के प्रति जागरूकता

सनी एक बातचीत सुनती है जिससे उसे यह विश्वास हो जाता है कि उसके किसी सहकर्मी ने गोपनीय जानकारी का उपयोग करके भेदिया व्यापार किया है। सनी के पास उल्लंघन का कोई ठोस सबूत नहीं है, इसलिए वह निश्चित नहीं है कि उसे इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए या नहीं। थोड़ा सोचने पर, सनी को एहसास हुआ कि संहिता के अनुसार उन्हें अपनी चिंता व्यक्त करनी होगी, ताकि प्रबंधन उचित समीक्षा कर सके और यह निर्धारित कर सके कि उसकी चिंता में कोई दम है या नहीं।

## चिंता की रिपोर्ट करना

**यदि कुछ गलत होता दिखे... तो चुप न बैठें।**
Ingersoll Rand में काम करते समय, आपका सामना नैतिक दुविधा से हो सकता है या आपको कार्यस्थल पर कुछ ऐसा देखने को मिल सकता है जिससे आप चिंतित हो सकते हैं। ऐसे मामलों में, हमारा सुझाव है कि आप अपने प्रबंधक से संपर्क करें। यदि आप ऐसा करने में असहज महसूस करते हैं, तो आप किसी अन्य प्रबंधक, अपने सुविधा प्रमुख (फ़ेसिलिटी लीडर), मानव संसाधन, या कानूनी या अनुपालन विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

साथ ही, आप एकमात्र अपने विवेक के अधीन, लेखापरीक्षा (ऑडिट) समिति, महाधिवक्ता या आंतरिक लेखापरीक्षा प्रमुख (हेड ऑफ़ इंटर्नल ऑडिट) को अग्रलिखित की रिपोर्ट कर सकते हैं: (1) लेखांकन (अकाउंटिंग), आंतरिक लेखा नियंत्रण (इंटर्नल अकाउंटिंग कंट्रोल) या लेखापरीक्षा (ऑडिट) से जुड़े कोई भी संदिग्ध मामले; (2) लागू कानूनी और नियामक आवश्यकताओं या इस संहिता की संभावित अनुपालनहीनताएँ; या (3) सदाशय से रिपोर्ट करने वाले कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध कथित प्रतिशोध।

आप ऐसे किसी भी मामले की लिखित रिपोर्ट इस पते पर भेज सकते हैं:

a) Ingersoll Rand, Attn: Chairman of the Audit Committee or General Counsel or Internal Audit, 525 Harbour Place Dr., Davidson, North Carolina 28036;

b) या इस संहिता में दिए गए कंपनी के देश-विशिष्ट हॉटलाइन नंबर पर कॉल करके रिपोर्ट कर सकते हैं;

c) या कंपनी के स्वतंत्र हॉटलाइन सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.irethicsreports.com. पर जाकर रिपोर्ट कर सकते हैं।

कोई भी अन्य इच्छुक गैर-कर्मचारी या बाहरी पक्ष भी ऊपर वर्णित किसी भी मामले की रिपोर्ट लेखापरीक्षा (ऑडिट) समिति, महाधिवक्ता (जनरल काउंसेल) या आंतरिक लेखापरीक्षा (इंटर्नल ऑडिट) को दे सकता है।

रिपोर्ट काल्पनिक या निष्कर्षात्मक न होकर तथ्यात्मक होनी चाहिए तथा उचित मूल्यांकन के लिए उसमें यथासंभव विशिष्ट जानकारी होनी चाहिए। साथ ही, सभी रिपोर्टों में जाँच शुरू करने के लिए पर्याप्त पुष्टिकारी जानकारी होनी चाहिए, जिसमें उदाहरण के लिए, उल्लंघन के संदिग्ध व्यक्तियों के नाम, उल्लंघन के प्रासंगिक तथ्य, यह बात कि शिकायतकर्ता को उल्लंघनों के बारे में कैसे पता चला, और यदि ज्ञात हो तो, कंपनी को होने वाले संभावित नुकसान का अनुमान, शामिल होने चाहिए।

नैतिकता हॉटलाइन और वेबसाइट का प्रबंधन एक बाहरी, स्वतंत्र सेवा प्रदाता द्वारा किया जाता है और इससे कंपनी के किसी भी कर्मचारी को बेनाम और गोपनीय आधार पर रिपोर्ट भेजने की सुविधा मिलती है।

Ingersoll Rand अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार सभी रिपोर्टों की जाँच करेगी। यदि अनुरोध किया जाए तो, संदिग्ध संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट करने वाले कर्मचारी की पहचान गोपनीय रखी जाएगी, सिवाय उन मामलों को छोड़कर जहाँ कानून कंपनी के लिए कर्मचारी की पहचान का खुलासा आवश्यक करता है, या कंपनी यह निर्धारित करती है कि विस्तृत जाँच करने और मामले को हल तक पहुँचाने के लिए खुलासा आवश्यक है।

## प्रशासन

**निदेशक मंडल।** कंपनी का निदेशक मंडल, लेखापरीक्षा (ऑडिट) समिति के ज़रिए यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि इस संहिता का उचित ढंग से प्रशासन किया जाए यानी संहिता को उचित ढंग से लागू किया जाए। लेखापरीक्षा समिति समय-समय पर इस संहिता की समीक्षा के लिए ज़िम्मेदार है और वह इस संहिता में स्पष्टीकरण या आवश्यक परिवर्तनों की सिफ़रिशें अनुमोदन हेतु निदेशक मंडल को भेजेगी।

**अधिकारी और प्रबंधक।** सभी अधिकारी और प्रबंधक अपने कर्मचारियों के साथ इस संहिता की समीक्षा के लिए ज़िम्मेदार हैं। अधिकारी और प्रबंधक इस संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रचलित प्रथाओं और प्रक्रियाओं की सावधानीपूर्वक समीक्षा के लिए भी ज़िम्मेदार हैं।

## शून्य-प्रतिशोध

Ingersoll Rand की सख्त शून्य-प्रतिशोध की नीति है। जो भी व्यक्ति किसी मुद्दे को उठाने या किसी मुद्दे की जाँच में मदद करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोधी कार्रवाई करेगा उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। यदि आपको लगता है कि चिंता व्यक्त करने के कारण आप पर प्रतिशोधी कार्रवाई की गई है, तो कृपया हमारी वैश्विक नैतिकता हॉटलाइन या कानूनी या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

## संहिता का उल्लंघन करने के परिणाम

**संहिता को पढ़ें और उसका पालन करें। आपको जवाबदेह ठहराया जाएगा।**
आपसे अपेक्षित है कि आप संहिता को पढ़ें और समय-समय पर प्रमाणन पूरा करें, जिससे यह पुष्टि हो कि आप संहिता और कंपनी की नीतियों का अनुपालन करेंगे। इस संहिता का उद्देश्य कंपनी के प्रति कर्मचारियों के अन्य दायित्वों को घटाना या सीमित करना नहीं है। निदेशकों को कॉर्पोरेट प्रशासन के दिशानिर्देशों का भी संदर्भ लेना चाहिए, ताकि उन अतिरिक्त नीतियों की जानकारी हो सके जो विशेष रूप से

निदेशकों के आचरण को नियंत्रित करती हैं, और गैर-कर्मचारी निदेशकों के मामले में, इस संहिता का अनुपालन Ingersoll Rand के चार्टर, उपनियमों और उसके साथ जो भी शेयरधारक करार हों उनके प्रावधानों के अधीन है।



Ingersoll Rand गुणवत्ता आश्वासन हमारे सूतोरबिल्त (Sutorbilt) लैजेंड रोटर्स के निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों के परीक्षण के लिए नवीनतम टेक्नॉलजी का उपयोग करती है।

जो कर्मचारी संहिता का अनुपालन (शब्दार्थ और भावार्थ, दोनों रूपों में) करने में असफल रहते हैं, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें नियुक्ति समाप्ति तक शामिल है। निम्नलिखित आचरण ऐसे कुछ उदाहरण हैं जिनके फलस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है:

- किसी कंपनी नीति का उल्लंघन करने वाले कार्य;
- किसी अन्य व्यक्ति से किसी कंपनी नीति के उल्लंघन का अनुरोध करना;
- किसी कंपनी नीति के ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन का तुरंत प्रकटन न करना;
- किसी कंपनी नीति के संभावित उल्लंघन की कंपनी द्वारा जाँच में सहयोग न करना;
- सत्यनिष्ठा से संबंधित चिंता की सदाशय से रिपोर्ट करने के कारण अन्य कर्मचारियों से प्रतिशोध लेना; और
- कंपनी की नीतियों और लागू कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नेतृत्व और कर्मठता न दिखाना।

यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस संहिता और कुछ कंपनी नीतियों का उल्लंघन करने पर कंपनी और आप नागरिक दायित्वों और क्षतिपूर्तियों, नियामक प्रतिबंधों और/या आपराधिक मुकदमों के अधीन आ सकते हैं।

## संहिता से छूट

संहिता से छूट दुर्लभ है, लेकिन यदि परिस्थितियाँ मांग करें तो छूट दी जा सकती है। यदि आपको लगता है कि संहिता से छूट पर विचार किया जाना चाहिए, तो कृपया कानूनी विभाग से संपर्क करें।

कंपनी के कार्यकारी अधिकारियों या निदेशकों के लिए इस संहिता के किसी भी प्रावधान से छूट को कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए और लागू प्रतिभूति कानून और/या स्टॉक एक्सचेंज नियमों के अनुसार शीघ्रता से इसका प्रकटन किया जाएगा।

## कंपनी की नीतियां और कार्यविधियाँ

संहिता को कंपनी की नीतियों और कार्यविधियों और दुनिया भर के विभिन्न देशों में लागू कर्मचारी पुस्तिकाओं के साथ पढ़ा जाना चाहिए। संहिता में सभी कंपनी नीतियों और कार्यविधियों का उल्लेख नहीं है। अतिरिक्त नीतियाँ कंपनी के इंट्रानेट पर कंपनी की नीति लाइब्रेरी में तथा दुनिया के कुछ भागों में जारी कंपनी पुस्तिकाओं में उपलब्ध हैं। कंपनी अपने विवेकानुसार समय-समय पर इस संहिता और अपनी किसी भी नीति को अपडेट कर सकती है। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप कानून तथा अपनी नौकरी से संबंधित सभी वर्तमान नीतियों और कार्यविधियों को जानें और समझें।

---

यह संहिता कोई रोज़गार अनुबंध नहीं है, और इस संहिता के जारी होने से किसी भी कर्मचारी को कोई अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

यह संहिता किसी भी वर्तमान या पूर्व कर्मचारी को किसी कानून या विनियम के संभावित उल्लंघन के संबंध में किसी भी अमेरिकी संघीय, राज्य या स्थानीय सरकारी एजेंसी या इकाई के साथ संचार करने, सहयोग करने या शिकायत दर्ज करने, या किसी भी सरकारी एजेंसी या इकाई के समक्ष अन्यथा ऐसे प्रकटन करने से प्रतिबंधित नहीं करती है जो किसी भी ऐसे कानून या विनियम के विसिलब्लोअर प्रावधानों के तहत संरक्षित हैं बशर्ते (1) ऐसे संचार और प्रकटन लागू कानून के अनुरूप हों और (2) ऐसे प्रकटन के अधीन जानकारी वर्तमान या पूर्व कर्मचारी द्वारा ऐसे संचार के माध्यम से प्राप्त न की गई हो जो वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार के अधीन था। यह वर्तमान या पूर्व कर्मचारियों पर लागू किसी भी अन्य गोपनीयता या गैर-प्रकटन करार के बावजूद सत्य है, और ऐसा कोई भी करार जो पूर्वोक्त से मतैक्य में नहीं है उसे कंपनी द्वारा पूर्वोक्त की अनुरूपता में संशोधित माना जाता है।



# मुख्य संपर्क

**कानूनी विभाग**
महाधिवक्ता (जनरल काउंसेल)
525 Harbour Place Dr.
Davidson, North Carolina 28036

**वैश्विक अनुपालन, विनियामक और अंतरराष्ट्रीय व्यापार**
निदेशक, वैश्विक अनुपालन
525 Harbour Place Dr.
Davidson, North Carolina 28036

**पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन**
उपाध्यक्ष, स्थायित्व
525 Harbour Place Dr.
Davidson, North Carolina 28036

**नियंत्रण और लेखापरीक्षा (ऑडिट)**
उपाध्यक्ष और कॉर्पोरेट नियंत्रक
525 Harbour Place Dr.
Davidson, North Carolina 28036

**मानव संसाधन**
उपाध्यक्ष , मानव संसाधन
525 Harbour Place Dr.
Davidson, North Carolina 28036

**संचार विभाग**
उपाध्यक्ष, वैश्विक संचार
525 Harbour Place Dr.
Davidson, North Carolina 28036

**कंपनी नीतियाँ**
Ingersoll Rand नीतियों की पूरी सूची के लिए कंपनी के इंट्रानेट **IRnow** पर जाएँ

# हॉटलाइन नंबर

**वैश्विक नैतिकता हॉटलाइन**
www.irethicsreports.com

**अर्जेंटीना**
0-800-555-4288
(Telecom)
0-800-222-1288
(Telefonica)
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**ऑस्ट्रेलिया**
800-875-313

**ऑस्ट्रिया**
0-800-200-288
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**बहरीन**
800-00-001 (लैंडलाइन)
800-000-05 (सेलुलर)
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**बेल्जियम**
0-800-100-10
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**ब्राज़ील**
0800-892-0749

**कनाडा**
844-439-4693

**चिली**
800-225-288 (Telmex)
800-800-288 (Telefonica)
800-360-312 (ENTEL)
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**चीन**
4008427065

**कोलंबिया**
01-800-911-0011
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**चेक गणराज्य**
800-144-301

**डेनमार्क**
800-100-10
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**मिश्र**
02-2510-0200 (Cellular)
2510-0200 (Cairo)
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**फ़िनलैंड**
0800-9-12740

**फ़्रांस**
0800-90-4105

**जर्मनी**
0-800-225-5288
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**ग्रीस**
00-800-1311
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**हंगरी**
06-800-011-11
जब कहा जाए तब
844-787-0214

**हांग कांग**
800-93-2266 या
800-96-1111
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**भारत**
000-117
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**इंडोनेशिया**
001-801-10
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**आयरलैंड**
1-800-550-000
00-800-222-55288
(UIFN)
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**इटली**
800-794395

**जापान**
0034-811-001 (NTT)
00-539-111 (KDDI)
00-663-5111 (Softbank)
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**जॉर्डन**
1-880-0000
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**मलेशिया**
1-800-80-0011
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**मेक्सिको**
800-681-6934

**नीदरलैंड**
8000201780

**न्यू ज़ीलैंड**
000-911
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**नॉर्वे**
800-190-11
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**पनामा**
800-2288
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**पेरू**
0-800-50-000
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**फिलीपींस**
1010-5511-00 (PLDT)
105-11 (Globe/Philcom/
Digitel /Smart)
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**पोलैंड**
0-0-800-111-1111
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**रोमानिया**
0808-03-4288
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**रूस**
363-2400
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**सऊदी अरब**
800-850-0695

**सर्बिया**
800190998

**सिंगापुर**
800-001-0001 (StarHub)
800-011-1111 (SingTel)
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**स्लोवाकिया**
0-800-000-101
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**स्लोवेनिया**
080-688837

**दक्षिण अफ़्रीका**
800205140

**दक्षिण कोरिया**
00-309-11 (Dacom)
00-369-11 (ONSE)
00-729-11 (Telecom)
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**स्पेन**
900-99-0011
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**स्वीडन**
020-799-111
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**स्विट्जरलैंड**
0-800-890011
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**ताइवान**
00-801-102-880
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**थाइलैंड**
1-800-0001-33
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**तुर्किये**
0811-288-0001
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**यूक्रेन**
0-800-502-886
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**संयुक्त अरब अमीरात**
8000-021
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**यूनाइटेड किंगडम**
0808-234-3663

**संयुक्त राज्य अमेरिका**
844-439-4693

**वियतनाम**
1-201-0288
1-228-0288
जब कहा जाए तब
844-439-4693

**Ingersoll Rand वैश्विक मुख्यालय**

525 Harbour Place Dr.
Davidson, North Carolina 28036
**irco.com**

© 2024 Ingersoll Rand. सर्वाधिकार सुरक्षित।.
IR-ICoC-HI 3rd Ed. 1/20